हनुमान आरती

Traditional, author unknown · rashikundli.com

आरती कीजै हनुमान लला की

दुष्ट दलन रघुनाथ कला की

जाके बल से गिरिवर काँपे

रोग-दोष जाके निकट न झाँके

अंजनि पुत्र महा बलदाई

संतन के प्रभु सदा सहाई

आरती कीजै हनुमान लला की

दे वीरा रघुनाथ पठाए

लंका जारि सिया सुधि लाये

लंका सो कोट समुद्र सी खाई

जात पवनसुत बार न लाई

आरती कीजै हनुमान लला की

लंका जारि असुर संहारे

सियाराम जी के काज सँवारे

लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे

लाये संजीवन प्राण उबारे

आरती कीजै हनुमान लला की

पैठि पाताल तोरि जमकारे

अहिरावण की भुजा उखारे

बाईं भुजा असुर दल मारे

दाहिने भुजा संतजन तारे

आरती कीजै हनुमान लला की

सुर नर मुनि जन आरती उतारें

जय जय जय हनुमान उचारें

कंचन थार कपूर लौ छाई

आरती करत अंजना माई

आरती कीजै हनुमान लला की

जो हनुमानजी की आरती गावे

बसहिं बैकुंठ परम पद पावे

लंक विध्वंस किये रघुराई

तुलसीदास स्वामी कीर्ति गाई

आरती कीजै हनुमान लला की

दुष्ट दलन रघुनाथ कला की

यह पाठ कहाँ से लिया गया है: BhaktiBharat
RashiKundli संपादकीय टीम द्वारा लिखित और समीक्षित · rashikundli.com